पत्र संख्याः–

**कार्यालय प्रबंधक**

**बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।**

प्रेषक,

कुमार आलोक रंजन,
प्रबंधक,
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क (प्रेस) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना दिनांक–

**विषयः– प्रमुख हिन्दी एवं अंग्रेजी के विभिन्न दैनिक सामाचार पत्रों में निविदा प्रकाशित कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक सूचित है कि संलग्न निविदा को प्रमुख हिन्दी एवं अंग्रेजी के विभिन्न दैनिक सामाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का निदेश प्राप्त हुआ है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि इसे विभिन्न दैनिक सामाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

**अनु0–सी0डी0 के साथ निविदा आमंत्रण पत्र।**

विश्वासभाजन

ह0/–
**(कुमार आलोक रंजन)**
प्रबंधक
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

ज्ञापांक– पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–श्रम अधीक्षक (निर्माण श्रमिक), श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि निविदा के e-advertisement हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा करेंगे।

ह0/–
प्रबंधक
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

ज्ञापांक– 68 पटना, दिनांकः– 17/2/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार पटना को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17.02.26
प्रबंधक
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

# कार्यालय प्रबंधक
# बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

## निविदा आमंत्रण की सूचना

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना में वित्तीय वर्ष– 2026–2027 में 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक की अवधि के लिए निम्न आठ ग्रुप में आमंत्रित की जानेवाली निविदा।

(1) चाय ग्रुप (चाय लिप्टन, कॉफी नैशकैफे) (2) चीनी ग्रुप (3) अनाज ग्रुप (4) सरसों तेल/रिफाईन्ड तेल ग्रुप (5) मशाला ग्रुप (6) खुदरा सामान एवं फल ग्रुप (7) मीट खस्सी, मीट मुर्गा एवं अंडा ग्रुप (8) क्रॉकरीज ग्रुप

इस प्रकार कुल (8) आठ ग्रुप में अंकित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में (द्वि–लिफाफा पद्धति) निबंधित डाक या व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में अवस्थित डाक बॉक्स में दिनांक–**13.03.2026 को 03:00 बजे अपराह्न** तक प्रबंधक, बिहार सचिवालय भोजशाला (पुराना (मुख्य) सचिवालय के विस्तारित भवन ब्लॉक–02) पटना के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदाओं के तकनीकी निविदा को निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक–**13.03.2026 को 04:00 बजे अपराह्न** में क्रय समिति के समक्ष नियोजन भवन, बेली रोड, पटना अवस्थित संयुक्त श्रमायुक्त, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। केवल उन्हीं निविदाओं के वित्तीय निविदा को निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक–**13.03.2026 को 04:00 बजे अपराह्न** में खोला जाएगा, जिनका तकनीकी निविदा शर्त्तों के अनुरूप होगा। निविदा के संबंध में आवश्यक सूचना एवं प्रमुख शर्त्तें श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के वेबसाईट **http://State.bihar.gov.in/labour** अथवा **http://State.bihar.gov.in/prdbihar** पर उपलब्ध है। प्रबंधक, बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना से किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय अवधि में कार्यालय दुरभाष 0612–2217216 अथवा व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(कुमार आलोक रंजन)
प्रबंधक,
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

D:perwez/tender-2022

## बिहार सचिवालय भोजशाला में निविदा के माध्यम से आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की सूची

(1) **अनाज ग्रुप**– चावल उसना, महीन दाना (उत्तम श्रेणी), चावल बासमति (इंडिया गेट उत्तम श्रेणी) (लाल किला उत्तम श्रेणी), अरहर दाल, मसूरदाल, चना दाल, चना, चना का बेसन (श्री नीलकमल), चना का सत्तु (श्री नीलकमल), आटा (आशीर्वाद ब्रान्ड) 25 किलोग्राम बोरा, उड़द दाल, अरबा चावल साधारण, मोटा चूड़ा, मैदा, हरा मटर, भुजा हुआ चूड़ा, भुजा हुआ मकई, भुजा हुआ बादाम, भुजा हुआ चना, बासमति चूडा, मूंग दाल, चिपटा मकई, चिपटा गेहुँ (सभी का दर प्रतिकिलो में)

(2) **सरसों / रिफाइन्ड तेल ग्रुपः**–

सरसों तेल, इंजन ब्रान्ड (100% सरसों तेल) 15, ली0 भरती टीन)।

रिफाइन्ड (सफोला ब्रान्ड / धारा ब्रान्ड 5 लीटर भरती जार)।

(3) **खुदरा सामान एवं फल ग्रुप**– सेब, अनार, संतरा, तरबूज, किवी, अंगुर, काला अंगुर, चीकू, अमरूद, पपीता, (सभी का दर प्रति किलो में ) एवं केला (प्रति दर्जन)।

टमाटर सॉस (किसान / टॉप्स ब्रान्ड) (500 ग्राम), सिरका (500 ग्राम, मोहन का), वीमबार साबुन (300 ग्राम), फिनाईल (ईगल, चीलछाप) एक लीटर, झारण (प्रतिदर्जन), स्वाब (प्रतिदर्जन), धोने वाला सोडा (प्रतिकिलो), नारियल झाडू (प्रति पीस), ईस्ट (ब्रांडेड) (500 ग्राम), मीठा सोडा (प्रतिकिलो), मुंगफली दाना (प्रतिकिलो), नारियल सुखा पानीवाला (प्रति पीस), लाईफब्याय साबुन (प्रति पीस 125 ग्राम), रबर स्क्यूज (डंडा लगा हुआ बड़ा), मखाना (प्रतिकिलो), पैकेज्ड मिनरल वाटर बिस्लेरी बोतल (250 एम0एल0, 24 पीस–एक कार्टुन), मिनरल वाटर बिस्लेरी (500 एम0एल0 24 पीस एक कार्टुन), मिनरल वाटर बिस्लेरी एक लीटर 12 पीस एक कार्टुन), मिनरल वाटर 20 लीटर जार में, पेपर नेपकीन (सफेद प्रति सैकड़ा पैकेट), रबर बैंड (500 ग्राम, पैकेट), मिठाई लौक(100 पीस), डिस्पोजेबुल थाली ढ़क्कन सहित (प्रति सैकड़ा) डिस्पोजेबुल ग्लास (प्रति सैकड़ा), डिस्पोजेबुल कॉफी ग्लास (प्रति सैकड़ा), नास्ता का डिब्बा (बड़ा एवं छोटा प्रति सैकड़ा), ब्लीचींग पाउडर (500 ग्राम), काजू (प्रति किलो), दनौरी (प्रति किलो), किसमिस (प्रतिकिलो), न्यूट्री च्वाइस डाइजेस्टीव बिस्कुट (250 ग्राम का), गुड्डे बिस्कुट (250 ग्राम का), स्नैक्स बिस्कुट, ब्रिटेनीया विस्कुट (90 ग्राम का), पावरोटी (ब्राण्डेड, 800 ग्राम एवं 400 ग्राम), लिक्विड हैण्ड वॉश (डिटॉल / लाइफवॉय का 500 मिली0) टमाटर सुप पाउडर, (नेस्ले का, 500 ग्राम का), वेंन्डिंग मशीन का कॉफी पाउडर एवं चाय पाउडर (नेसले क0 का प्रति किलो), टुथ पिन (प्रति सैकड़ा), सुगर फ्री (10 ग्राम का), ग्रीन टी (टेटली क0 / लिप्टन, गीरनार), अमूल क्रीम (200 ग्राम का), कुकीज (200 ग्राम का), पेपर रौल (प्रति सैकड़ा), पैकेज्ड हरा मटर (500 ग्राम), चीज (100 ग्राम), हारपीक (एक लीटर), ब्राउन ब्रेड, फ्रेश टोमैटो कैचअप किसान (13 ग्राम पाउच), मिल्क पाउडर, चिप्स (लेयज), बारवन बिस्कुट, मूँग दाल भुजिया (हल्दी राम) 200 ग्राम, स्वीट कॉर्न ब्रांडेड, तिलकुट (गुड़), तिलकुट (चीनी), अचार (प्रति किलो), फूल झाड़ू, पोछा डंडा लगा हुआ, हैण्ड ग्लबस (रबड का किचेन के लिए), हैण्ड तौलिया, हैण्ड ग्लबस (कपड़ा का), हेड कॉभर (ब्रांडेड), हेड कैप कुक (कपड़ा का ब्रांडेड),एप्रैन (कपड़ा) ब्रांडेड, मास्क (कपड़ा) ब्रांडेड वाशेबल, सेनिटाइजर (डिटोल / हिमालय–500 एम0एल0), बिजली का एल0ई0डी0. बल्ब–सूर्या / बजाज ब्रांड 12 वाट , 18 वाट, एवं 20 वाट, A–4 साईज पेपर (सेन्चुरी / जे0 के0 ब्रांड) प्रति पैकेट, कैलकुलेटर (केशियो ब्रांड) प्रति पीस, सादा कागज जिस्ता प्रति पीस, सामान्य रजिस्टर 06 Q प्रति पीस, टी कोस्टर (सेलो ब्रांड) कॉट्रेज (केनन 328) प्रति पीस, Cling Wrap (PVC). प्रति पीस। Silver Foil. प्रति पीस। गुड–नाईट रिफिल प्रति पीस। काला हिट प्रति पीस। कलम (अग्लि जेल), पेपर पीन, स्टेपलर–10 नं0, प्रति पीस, स्टेपलर पीन 10 नं0. (प्रति पैकेट), सुगर क्युब (500 ग्राम), मिक्चर–01 किलोग्राम (हल्दीराम), किराम, (दर प्रति किलो), खजुड़ का गुड़ (दर प्रति किलो)।

(4) **मसाला ग्रुप**– लहसुन, लालमिर्चा, धनिया, हल्दी, जीरा, गोलमिर्च, बड़ी इलाईची, लौंग, दालचीनी, सहजीरा, मेंथी, कालाराई, अजवाईन, मंगरैला, छोटी ईलाईची, नमक (टाटा का), (सभी का दर प्रति किलों में), हींग (5 ग्राम पैकेट), पापड़ (200 ग्राम अनिक / राजस्थानी का पैकेट), काश्मीरी मिर्चा (100 ग्राम पैकेट), काला नमक (प्रतिकिलो), कस्तुरी मेथी (25 ग्राम पैकेट), सांभर पाउडर एम0डी0एच0 (100 ग्राम), किचेन किंग (100 ग्राम), एम0डी0एच पीला सरसों (प्रतिकिलो) मीट मसाला, चाट मसाला, एम0डी0एच0।

D:perwez/tender-2022

(5) <u>मीट एवं अण्डा ग्रुप–</u>

(क) मीट (खस्सी का) एवं मीट (मुर्गा) प्रति किलो में।

(ख) अण्डा (मुर्गी का) प्रति दर्जन में।

(6) <u>चाय / कॉफी ग्रुप</u>

**चाय** – (I) लिप्टन (दार्जिलिंग लीफ–टी) (II) ब्रूक बान्ड रेड लेबल (III) टाटा टी (IV) ब्रूक बान्ड ताजा (V) ब्रूक बान्ड ताज महल एवं अन्य प्रमुख ब्रांड / ब्रान्डेड (दर प्रतिकिलो)।

**कॉफी–** (I) नेस्कैफे (II) टाटा कॉफी (III) ब्रू एवं अन्य प्रमुख ब्रांड (दर प्रतिकिलो)।

चाय एवं कॉफी की आपूर्ति के लिए कम्पनी के सी0एण्ड0एफ0 या कम्पनी के अधिकृत विक्रेता होना चाहिए।

(7) <u>**चीनी ग्रुप**</u>– 50 किलो के बोरा में (मोटा दाना, उत्तम क्वालिटी)। (दर प्रति 50 किलो का बोरा)

(8) <u>**क्रॉकरीज ग्रुप**</u>– कप / प्लेट (साधारण प्रति दर्जन), कप / प्लेट (बोनचायना प्रति दर्जन), टी–सेट (बोनचायना प्रति सेट), टी–पॉट (छह कप का, दर प्रतिपीस), टी–पॉट (चार कप प्रति पीस), टी–पॉट (दो कप प्रति पीस), ग्लास ऐरा (प्रति दर्जन), बोरोसील / टारायो, चाय चम्मच एवं बड़ा चम्मच स्टील (प्रति दर्जन), क्वार्टर प्लेट बोनचायना (प्रति दर्जन), सुगर पॉट (बोनचायना का, दर प्रतिदर्जन), मिल्क पॉट बोनचायना का (दर प्रतिदर्जन) कै ा रौल(मिल्टन / सेलो ब्रांडेड 5 लीटर एवं 7.50 लीटर), स्टील टी पौट (6 कप एवं 4 कप), स्टील ट्रे, स्टील जग(1 ली0), चाय छन्ना (छोटा एवं बड़ा), छनौटा, स्टील थाली (6 खाना), डब्बू, कलछुल स्टील बड़ा एवं छोटा डस्टबीन (बड़ा एवं छोटा प्लास्टिक) सभी सामान ब्रान्ड्रेड, बोन चाइना में ब्रांड जे0सी0पी0एल0, ओ0ए0सी0, स्टील में विनोद या अन्य ब्रांड,ग्लास में ऐरा ब्रांड या अन्य ब्रांड, पंजा,, फ्लाक्स, 1000 एम0.एल0 (मिलटन / सेलो), इलेक्ट्रीक केटल (स्टील) 1000 एम0एल0. (प्रेसटिज, केन्ट या अन्य कोई ब्राण्ड), मिक्सर ग्राइण्डर (750 वॉट), ब्राण्डेड कम्पनी, इन्डेक्सन चुल्हा (1900 वॉट / 2000 वॉट, ब्राण्डेड) चिमटा स्टील (मिठाई के लिए), कढाई (स्टील एवं लोहा), चाय सस्पेन (4 ली0), केतली स्टील एवं अल्मूनियम (06 ली0 एवं 8 ली0)। (सभी सामग्री का ब्रांड नाम एवं दर स्पश्ट होना चाहिए)। स्टील थाल (छः खाना), स्टील डेकची (10 कि0ग्रा0, 15 कि0 ग्रा0)।

## <u>निविदा के लिये आवश्यक कागजात :–</u>

<u>**प्रत्येक निविदादाता को निविदा–पत्र के साथ निम्न कागजातों को संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी भी कागजात के संलग्न नहीं रहने पर उनके निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।**</u>

1. निविदादाता को तकनीकी निविदा के अन्तर्गत अग्रधन (Earnest Money) के रूप में वर्णित प्रति समूह के लिये अलग–अलग रूपये 20000 / –(बीस हजार) के दर से बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक, बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना के नाम से देय होगा, जमा करना होगा।
2. दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम के अन्तर्गत निविदादाता के फर्म का निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।

3. जी0 एस0 टी0 निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति। मीट एवं अंडा ग्रुप के लिए यह आवश्यक नहीं है।
4. पटना नगर निगम द्वारा प्रदत पशु मांस के व्यवसाय का अनुज्ञाप्ति (बिहार नगर पालिका अधिनियम 2017 की धारा 345 के अधीन प्रमाण–पत्र अद्यतन हो)। केवल मीट (खस्सी एवं मुर्गा) एवं अंडा ग्रुप के लिए)।
5. प्रत्येक ग्रुप में न्यूनतम दर (L1) वाले (जिस सामान की आपूर्ति भोजशाला में अधिक होती है) आपूर्तिकर्त्ता को दर निर्धारण के समय प्राथमिकता दी जाएगी। स्थानीय बाजार से प्राप्त दर से तुलना कर न्यूनतम दर पर अनुशंसा किया जाएगा।
6. निविदादाता को वित्तीय स्थिति से सुदृढ़ (मजबूत) होना अनिवार्य है। निविदादाता को राष्ट्रीयकृत बैंक के बचत खाता में न्यूनतम 01 (एक) लाख रुपये (निविदा प्रकाशन के उपरांत होनी चाहिए) एवं मीट/अंडा ग्रुप के लिए 30,000 (तीस हजार रुपये) मात्र जमा होने का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा।
7. आयकर विभाग का गत तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की छायाप्रति एवं पैन नम्बर की छायाप्रति। मीट/अंडा ग्रुप के लिए गत दो वर्ष का आयकर रिटर्न।
8. निविदादाता निविदा में सभी संलग्न कागजातों की सूची अपने फर्म/प्रतिष्ठान के नाम एवं पता के साथ संलग्न करेंगे।
9. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् निविदादाता को एजेन्सी/फर्म काली सूची में नही होने संबंधी भापथ–पत्र देना अनिवार्य होगा।
10. निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर एवं स्थानीय बाजार से प्राप्त दर की तुलना करने के पश्चात् यदि स्थानीय बाजार का दर न्यूनतम (एल0–01) पाया जाता है तो सामग्रियों की आपूर्ति हेतु बाजार से प्राप्त न्यूनतम दर एवं निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर पर दर–वार्त्ता कर क्रय समिति अन्तिम रूप से आपूर्ति दर पर निर्णय लेगी।
11. निविदादाता द्वारा निविदा में अंकित सामग्रीयों का दर स्थानीय बाजार दर से **"काफी कम या अधिक"** होने पर उनके वित्तीय निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
12. निविदा के क्रम में अंकित सामग्रीयों के नमूना की माँग क्रय समिति द्वारा की जा सकती है।
13. बिहार वित्त नियमावली (समय–समय पर यथा संशोधित) के प्रावधानों के तहत् निविदा प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी।

वित्तीय निविदा के अन्तर्गत विहित प्रपत्र में सभी सूचना अंकित किया जाना आवश्यक है। सभी प्राप्त निविदाताओं में से प्रथमतः तकनीकी निविदा को निविदादाताओ अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नियोजन भवन, बेली रोड, पटना अवस्थित श्रमायुक्त, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में खोला जाएगा। केवल उन्हीं निविदादाताओं का वित्तीय निविदा खोला जाएगा जिनका तकनीकी निविदा उपरोक्त शर्त्तों के अनुरूप होगा। वित्तीय निविदा निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नियोजन भवन, बेली रोड़ अवस्थित संयुक्त श्रमायुक्त, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में खोला जाएगा।

## निविदा की शर्ते :–

1 निविदादाताओं को सामानों की आपूर्ति पुराना (मुख्य) सचिवालय भोजशाला, पटना स्थित भंडार गृह तक करना होगा, जिसके लिए कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगी।

2 निविदा में प्रत्येक सामान के लिए जो दर अंकित किया जायेगा, उसे सभी टैक्स एवं माल ढुलाई भाड़ा सहित माना जायेगा। प्रत्येक माह के अंत में आपूर्तिकर्ता द्वारा विपत्र प्रस्तुत किये जाने के पश्चात् आपूर्ति किये गए सामानों का भुगतान विभाग से प्राप्त आवंटन के अनुसार किया जायेगा।

3 भंडारपाल द्वारा दिए गए आपूर्ति आदेश के अनुसार सामानों की आपूर्ति अविलम्ब करनी होगी एवं प्रबंधक भोजशाला से सामानो की गुणवत्ता (क्वालीटी) जॉच के पश्चात् ही भंडार में आपूर्ति की जाएगी।

4 विषम परिस्थिति यथा, आवंटन के अभाव में प्रमाणकों के भुगतान में विलम्ब होने की स्थिति में सामाग्री आपूर्ति बन्द नहीं करनी होगी । बिना पूर्व सूचना एवं पूर्वाअनुमति के सामग्री के आपूर्ति अचानक बंद करने पर सरकारी कार्य में बाधा मानते हुए आपूर्तिकर्ता पर प्राथमिकि दर्ज कर दी जाएगी एवं नियमानुसार अग्रेतर कारवाई की जाएगी।

5 जी0 एस0 टी0 अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार टैक्स की कटौती के उपरान्त विपत्र का भुगतान किया जा सकेगा। नियमानुसार आयकर की कटौती भी आपूर्तिकर्ता के विपत्र से की जाएगी।

6 चाय एवं कॉफी ग्रुप में लिप्टन/नेशले में कम्पनी सी0 एन0 एफ0 (CNF) एजेन्ट अथवा कम्पनी के अधिकृत डीलर को ही भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

7. निविदादाता द्वारा गलत कागजातों के जमा किये जाने पर उनके अग्रधन (Earnest Money) को जब्त कर लिया जायेगा एवं उनके निविदा–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

8 चाय एवं कॉफी निविदा में निविदादाता को अधिकतम छूट (प्रतिशत में) एवं वास्ताविक आपूर्ति का दर उल्लेख करना होगा। इसमें एम0 आर0 पी0 में परिवर्तन के सिवाय अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन निर्धारित अवधि में स्वीकार्य नहीं होगा। आपूर्तिकर्ता को एम0 आर0 पी0 में परिवर्तन की सूचना 10 दिनों के अन्दर श्रमायुक्त, बिहार, पटना एवं प्रबंधक, बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना को अधिकृत रुप में देना होगा।

9. चाय एवं कॉफी का पुराना स्टॉक स्वीकार्य नहीं होगा।

10 निविदा में सफल उम्मीदवार का अग्रधन "सुरक्षित राशि" (सिक्यूरिटी डिपॉजिट) के रूप में सुरक्षित रख लिया जाएगा, जिसे आपूर्ति की अवधि समाप्त होने के पश्चात् उन्हें वापस किया जाएगा। शेष निविदादाताओं का अग्रधन निविदा प्रक्रिया पूरी होने के उपरान्त निविदा शर्त के अनुरूप वापस कर दिया जाएगा। वर्ष–2026–2027 के लिए स्वीकृत निविदा की अवधि समाप्त होने के पश्चात् भी विशेष परिस्थिति में कार्य बाधा उत्पन्न नहीं होने के आलोक में विभागीय आदेश पर अगली निविदा के स्वीकृति होने तक सभी सामानों की आपूर्ति पूर्व स्वीकृत दर पर ही सुनिश्चित करनी होगी।

11. ब्राण्ड राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त है या नहीं इस संबंध में श्रमायुक्त, बिहार का निर्णय अन्तिम होगा।

12. श्रमायुक्त, बिहार को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को पूर्णतः या अंशतः अस्वीकार कर सकते हैं अथवा किसी सरकारी या अर्द्धसरकारी संस्था को बिना निविदा में भाग लिए आपूर्ति आदेश दे सकते है। इस संबंध में श्रमायुक्त, बिहार का निर्णय अंतिम होगा।

13. एकरानमा रद्द करने का अधिकार श्रमायुक्त, बिहार को सुरक्षित रहेगा। किसी भी विवाद की स्थिति में श्रमायुक्त, बिहार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

<u>निविदादाता द्वारा निम्नांकित प्रपत्र में वित्तीय निविदा समर्पित किये जायेंगे–</u>

अनुसूची –1

| क्र०सं० | सामग्री का नाम | मात्रा | दर प्रति किलो / प्रतिपीस / प्रतिदर्जन में (कर सहित) | छूट (प्रतिशत में) | वास्तविक आपूर्ति दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

अनुसूची –2

**तकनीकी निविदा निम्नांकित प्रपत्र में समर्पित किए जाएँगे :–**

1. निविदादाता / फर्म का नाम :–
2. पूरा पता :–
3. दूरभाष / मोबाईल संख्या :–
4. बैंक ड्राफ्ट संख्या एवं तिथि :–
5. बैंक ड्राफ्ट की राशि :–
6. बैंक का नाम :–
7. पैन नम्बर (छायाप्रति संलग्न) :–
8. जी0एस0टी0 नम्बर (छायाप्रति संलग्न) :–
9. अनुभव प्रमाण–पत्र, यदि कोई हो तो :–
10. अनुसूची–1 संलग्न है अथवा नहीं :–

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि निविदा की शर्तों को पूरी सावधानी से पढ कर समझ लिया हूँ एवं उसके पश्चात् निविदा पत्र समर्पित किया हूँ। यदि किसी भी तरह की त्रुटि पायी जाती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी मेरी होगी।

अधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर

**निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी सभी कार्य दिवस को प्रबंधक, बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा http://State.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है एवं दुरभाष सं0–6287894991 पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

प्रबंधक,
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

D:perwez/tender-2022